उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
19, सी, तुलसी गंगा काम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

## सूचना/ विज्ञप्ति

**उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन के सम्बन्ध में दिनांक 05 अक्टूबर, 2025 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में आपत्ति का आमंत्रण**

संख्या : पीआरपीबी-चार-12(37)/2025 (भाग-4) दिनांक अक्टूबर 09 , 2025

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के 176 रिक्त पदों पर विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन हेतु प्रथम चरण में लिखित परीक्षा दिनांक 05-10-2025 को सम्पन्न हो चुकी है। अभ्यर्थी की प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित कर दी गयी है। अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर उस पर दिये गये फील्ड्स पर अपना अनुक्रमांक एवं जन्म तिथि भरकर अपनी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी देख सकते हैं।

2- बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी का अभ्यर्थी सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें। प्रदर्शित की गयी उपरोक्त सूचना/अभिलेखों तथा प्रश्न पुस्तिका के प्रश्नों/उत्तर विकल्पों के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अभ्यर्थी द्वारा आपत्तियों के समर्थन में स्रोत/सन्दर्भ को अंकित करना आवश्यक होगा तथा आपत्ति का वॉछित प्रमाण/अभिलेख निर्धारित स्थान पर अपलोड करते हुए आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा उक्त वेबसाइट पर दर्ज की गयी आपत्ति ही मान्य होगी। अन्य किसी भी माध्यम से की गयी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

3- अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से आज दिनांक 09-10-2025 से दिनांक 12-10-2025 की मध्य रात्रि तक दर्ज करा सकते हैं। एक बार आपत्ति दर्ज कराने के बाद अभ्यर्थी पुन: कोई आपत्ति दर्ज नहीं करा सकता है। अत: अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि कोई आपत्ति दर्ज कराने के पूर्व वह सावधानीपूर्वक अपनी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तरकुंजी की जॉच कर लें।

4- यद्यपि उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा/अनुमन्य होगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **उपरोक्त डेटा को देखने में कोई असुविधा हो रही हो तो हेल्पलाइन नम्बर-*8977041730* पर सम्पर्क कर सकते हैं। यह हेल्पलाइन नम्बर दिनांक 12-10-2025 की मध्य रात्रि तक तक कार्यरत रहेगा।**

अपर सचिव प्रोन्नति,
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।